# NATIONAL CHAMBER OF INDUSTRIES & COMMERCE,U.P.

| RAJESH GOYAL | ANIL AGARWAL | MANOJ BANSAL | YOGESH JINDAL |
|---|---|---|---|
| PRESIDENT | VICE PRESIDENT | VICE PRESIDENT | TREASURER |
| 9319106205 | 9319108920 | 9997905959 | 9837042001 |


एनसीआईसी / 01 / 2023–24 / 06 जुलाई, 2023

सेवा में,

आदरणीय डॉ. धर्मपाल सिंह जी,
माननीय विधायक – विधानसभा एत्मादपुर,
आगरा।

माननीय महोदय,

चैम्बर के अनुरोध को स्वीकार करते हुए आपने अपने व्यस्त समय में से चैम्बर के सदस्यों के लिए समय प्रदान किया, इस हेतु हम आपके प्रति आभार प्रकट करते हैं तथा चैम्बर में पधारने पर आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करते हैं।

हमें बड़ी प्रसन्नता है कि आगरा को आप जैसा जुझारु राजनेता मिला है। आपके द्वारा जनसरोकार की समस्याओं को समुचित स्तर पर उठाया जाता है। फिलहाल में, आपने पुल बनवाने की जो घोषणा की है, उस घोषणा से हम सभी गद्‌गद हैं और हमें उम्मीद है कि आपके द्वारा अन्य बहुप्रतीक्षित कार्यों को शीघ्र अंजाम दिया जायेगा। इस बैठक के माध्यम से हम आपके संज्ञान में निम्नलिखित मुद्दों को लाना चाहते हैं :–

1. नगला रामबल (शाहदरा) के टीले (कूड़ा डम्प) पर 2010 से नगर निगम द्वारा कूड़े का निस्तारण तो बन्द कर दिया है किन्तु यह स्थल पहाड़ के रुप में अत्यधिक ऊँचा हो गया है। नगर निगम द्वारा इस टीले पर जाने के लिये रैम्प बनवाया था और वृक्षारोपण भी कराया था। किन्तु यह रैम्प अब क्षतिग्रस्त हो गया है हमारा निवेदन है कि इस क्षतिग्रस्त रैम्प का सुदृढ़ीकरण करा दिया जाये ताकि चैम्बर यहां वृक्षारोपण कराकर इस टीले को हरियाली से आच्छादित करते हुए इसका सौन्दर्यीकरण करा सके। हरियाली आच्छादित होने से यह स्थान अपने आप में एक लैंड मार्क बनने के साथ–साथ महात्मा गांधी के चर्चित 'नमक सत्याग्रह' आंदोलन की स्मृति स्थली के रूप में विकसित हो सकेगा। इस सम्बन्ध में विस्तृत पत्रावली संलग्न प्रेषित है।
2. इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर :–महोदय, थीम पार्क परियोजना के अंतर्गत 1050 एकड़ भूमि में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर बनाने का कार्य गत 2 वर्ष से नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कारपोरेशन द्वारा किया जा रहा है। डिजाइन एवं ब्लू प्रिंट तैयार करने के लिए कंसल्टेंट की नियुक्ति की गई थी। उसके बाद औद्योगिक क्लस्टर बनाने संबंधी जानकारियां विभिन्न स्तरों से प्राप्त की जा रही हैं। चूँकि आगरा में नए औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना एक बहुत ही बहु प्रतीक्षित मांग है, इसलिए हम चाहते हैं कि इस इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर में आगरा के अनुरूप सभी उद्योगों को स्थान मिले। आगरा में आईटी पार्क के प्रारंभ होने से एवं आईटी सिटी नोएडा के निकट उसी एक्सप्रेस वे पर स्थित होने के कारण इस इंटीग्रेटेड मैनुफेक्चर क्लस्टर (आईएमसी) में आईटी सिटी का बनाना आगरा के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। हमारी मांग है कि इस प्रस्तावित आईएमसी में 150 से 200 एकड़ भूमि आईटी सिटी, 150 से 200 एकड़ में सोलर सिटी, 200 एकड़ में गारमेंट हब तथा 200 एकड़ भूमि फूड प्रोसेसिंग एवं हस्तशिल्प उद्योग के लिए आवंटित की जाए। आगरा आलू के उत्पादन में पुरे देश में अग्रणी है तथा हस्तशिल्प यहाँ का पारम्परिक उद्योग है। इसलिए आगरा की आवश्यकता अनुसार उपयुक्त हैं।
3. औद्योगिक भूखंडों को लीज होल्ड से फ्री होल्ड किए जाने के सम्बन्ध में :–महोदय, औद्योगिक भूखंडों को लीज होल्ड से फ्री होल्ड किए जाने का प्रकरण पिछले कई वर्षों से चल रहा है। विभिन्न सरकारों में माननीय सक्षम मंत्रियों के समक्ष इस विषय को उठाते हुए अपना प्रतिवेदन व्यक्तिगत रूप से भी देते आ रहे हैं और सभी माननीय मंत्री महोदयों ने इस पर अपनी सहमति व्यक्त करते हुए इसे क्रियान्वयन कराने का आश्वासन भी दिया है। लेकिन आज तक इसका कोई क्रियान्वयन नहीं हुआ है। चूंकि यह विषय प्रदेश के औद्योगिक विकास से जुड़ा है और सरकार को भी इससे राजस्व की प्राप्ति होगी। अतः आपसे निवेदन कि इस मामले शासन को अनुकूल नीति बनाने के लिए अग्रसारित कर अनुग्रहीत करें और यदि उन नीतियों में कोई व्यवहारिक परेशानी आ रही हो तो हमारे संगठनों को बताई जाए जिससे कि उन्हें हल करने का सुझाव हमारे व्यापारिक संगठन देने का प्रयास करें।
4. आगरा केवल प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में इसकी पहचान है। माननीय मुख्य मंत्री महोदय द्वारा आगरा के लिए कई महत्वकांशी परियोजनाएं यथा मिनी मेडिसिटी, प्रास्तिवत ग्रेटर आगरा में मेडिकल सिटी, इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, गारमेंट हब आदि चलाई जा रही हैं। स्मार्ट सिटी, मेट्रो रेल एवं आईटी पार्क आदि परियोजनाएं प्रगति पर है। आगरा में मिनी मेडिसिटी एवं ग्रेटर आगरा में मेडिकल सिटी के मूर्त रूप लेने पर

# NATIONAL CHAMBER OF INDUSTRIES & COMMERCE,U.P.

| RAJESH GOYAL | ANIL AGARWAL | MANOJ BANSAL | YOGESH JINDAL |
|---|---|---|---|
| PRESIDENT | VICE PRESIDENT | VICE PRESIDENT | TREASURER |
| 9319106205 | 9319108920 | 9997905959 | 9837042001 |


आगरा का चिकित्सा के क्षेत्र में एक बहुत बड़ा नाम होगा और देश में अग्रणी होगा। निवेदन है कि ग्रेटर आगरा की परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाये।

5. फाउण्ड्री नगर एवं नुनिहाई औद्योगिक क्षेत्रों में नालों, सड़कों एवं खरंजों की स्थिति अत्यन्त दयनीय है। वहां जगह–जगह नालियों से गन्दा जल ओवरफ्लो हो रहा है। सड़कें व खरंजे टूटी पड़ी हैं। आपसे निवेदन है कि हमारे इस विषय को नगर निगम में पुरजोर उठाया जाये कि बरसात से पूर्व नालों की सफाई, सड़क एवं खरंजों का दुरस्तीकरण हो जाये। जिससे इन औद्योगिक क्षेत्रों में आवागमन सुगम हो एवं वातावरण स्वच्छ हो।
6. फाउण्ड्री नगर औद्योगिक क्षेत्र में निचले स्तर पर सदैव गंदे जल का भराव बना रहता है। इस गंदे जल की निकासी हेतु उचित व्यवस्था हो। इस हेतु प्रशासनिक उचित स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों से हमारी इस समस्या का निस्तारण कराया जाये।
7. फाउण्ड्री नगर और ट्रांस यमुना क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या वर्षों से चली आ रही है उसके लिए अब नया वाटर वर्क्स पास हो गया है। अतः आपसे निवेदन है कि इस नये वाटर वर्क्स का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराया जाये। जिससे इस क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या का निस्तारण शीघ्र हो सके।
8. पूरे ट्रांस यमुना क्षेत्र में सडकों पर जगह–जगह अनाधिकृत खोखे रखे हुए हैं और अस्थाई अतिक्रमण हो रहे हैं। अतः आपसे निवेदन है कि पुलिस विभाग से समन्वय करते हुए इन अनाधिकृत खोखो व अस्थाई अतिक्रमणों को शीघ्र हटवाया जाये। अनाधिकृत खोखों के कारण आवागमन वाधित होता है। जिससे विधि व्यवस्था की समस्याएं उत्पन्न होती हैं।
9. रामबाग चौराहे से एत्माददौला रोड पर गन्दगी का अम्बार है। नाले नालियां चौक पड़े हैं। उन्हें साफ कराया जाये। उदाहरण के तौर पर सीता नगर के मोड़ पर पुलिया टूटी हुई है तथा नाला खुला हुआ है। जिससे उसमें आये दिन वाहन गिरते रहते हैं। हम चाहते हैं कि सीतानगर की पुलिया का चौड़ीकरण करते हुए इसका निर्माण कराया जाये तथा नाले को पटवाया दिया जाये। जिससे वहां से वाहन आसानी से निकल सकें।
10. जी. टी. आयरन इण्डस्ट्रीज से आगे अनाधिकृत खोखे रखे हुए हैं। कूड़ा व गंदगी पड़ी हुई है। यहां पूर्णतः सफाई कराई जाये।
11. रामबाग चौराहे से नुनिहाई रोड पर जगह–जगह ट्रक, मेटाडोर, ऑटो मयूरी वाहनों की अवैध पार्किंग होती रहती है जिससे यातायात में परेशानी आती है। ट्रक पुल के नीचे से आगे जाकर मोड़ते हैं जिससे रोड पर पूरी तरह से जाम लग जाता है।
12. रामबाग से टेड़ी बागिया (भाटिया पेट्रोल पम्प) तक दोनों ओर प्राइवेट वाहन सड़क के दोनों ओर खड़े रहते हैं। इनमें अधिकांश वाहन ट्रांसपोर्टरों के हैं। जो दूसरे/तीसरे दिन माल मिलने के बाद ही जाते हैं। इसके अलावा जलेसर जाने वाली प्राइवेट बसों का अड्डा भी यहीं बना लिया है। जिससे फैक्ट्रियों के अन्दर गेट से आने वाले वाहनों को साईड नहीं दिखती है और मुख्य मार्ग पर आने–जाने में आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। चैम्बर द्वारा बार–बार ध्यान आकर्षित करने व जिला उद्योग बन्धु की बैठक में वाहनों की अवैध पार्किंग को हटवाने के निर्णय के उपरांत भी अभी तक यथास्थिति बनी हुई है। खड़े वाहनों की आड़ में शौच आदि से अस्वच्छता फैलती है और चोरी की भी सम्भावना बनी रहती है। निवेदन है कि पुलिस विभाग के साथ समन्वय कर रामबाग से भाटिया पैट्रोल पम्प तक वाहनों की अवैध पार्किंग को शीघ्र हटाया जाये। भविष्य में अवैध पार्किंग को रोकने के लिये क्षेत्र के थाना प्रभारी को उत्तरदायित्व दिया जाये।

सादर,

भवदीय,

Rajesh Goyal

(राजेश गोयल)
अध्यक्ष